भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 474**

**06 दिसंबर, 2023 के लिए प्रश्न**

**प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) का विस्तार**

**474. श्री सी.एन.अन्नादुरई:**
**डॉ. सुभाष रामराव भामरे:**
**श्रीमती मंजुलता मंडल:**
**डॉ. पोन गौतम सिगामणि:**
**श्री कुलदीप राय शर्मा:**
**डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे:**
**श्री एम.के. राघवन:**
**डॉ. डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस.:**
**श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले:**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) का विस्तार और पांच साल के लिए करने का निर्णय किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों में से प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान खाद्यान्न वितरण के केंद्रीय आवंटन का राज्य और माह-वार ब्यौरा क्या है;

(ग)उक्त अवधि के दौरान तमिलनाडु, ओडिशा और महाराष्ट्र राज्यों में पीएमजीकेएवाई से कुल कितने लोग लाभान्वित हुए हैं;

(घ) योजना के कार्यान्वयन में सरकार ने किन चुनौतियों का सामना किया;

(ङ.) क्या सरकार का विचार इस योजना का विस्तार और आगे करने का है तथा यदि हां, तो उक्त योजना के अंतर्गत शामिल नहीं किए गए व्यक्तियों तक पहुंचने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं; और

(च) क्या सरकार ने पीएमजीकेएवाई योजना के कार्यनिष्पादन का मूल्यांकन किया है और यदि हां, तो इस मूल्यांकन के क्या परिणाम रहे हैं और पीएमजीकेएवाई योजना में सुधार हेतु क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**ग्रामीण विकास तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री**
**(साध्वी निरंजन ज्योति)**

**(क):** केंद्र सरकार ने गरीब लाभार्थियों के वित्तीय बोझ को दूर करने और इस अधिनियम के राष्ट्रव्यापी एकरूपता और प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए 1 जनवरी, 2024 से पांच वर्षों की अवधि के लिए पीएमजीकेएवाई के तहत लगभग 81.35 करोड़ एनएफएसए

.......2/-

लाभार्थियों (अर्थात् अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) परिवारों और प्राथमिकता वाले परिवारों (पीएचएच) लाभार्थियों) को नि:शुल्क खाद्यान्न प्रदान करना जारी रखने का निर्णय लिया है।

**(ख):** पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान खाद्यान्नों के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार आवंटन को दर्शाने वाला विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

**(ग):** तमिलनाडु, ओडिशा और महाराष्ट्र राज्य में कवर किए गए लाभार्थियों की संख्या निम्नानुसार है:

| राज्य का नाम | लाभार्थियों की संख्या (लाख में) |
|---|---|
| तमिलनाडु | 364.12 |
| ओडिशा | 325.03 |
| महाराष्ट्र | 700.17 |

**(घ):** किसी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र ने पीएमजीकेएवाई के कार्यान्वयन में कोई कठिनाई अथवा चुनौती के बारे में जानकारी नहीं दी है।

**(ड.):** जैसा उपर्युक्त (क) में स्पष्ट किया गया है।

**(च):** सरकार ने सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के कार्यान्वयन के समवर्ती मूल्यांकन के लिए प्रतिष्ठित मानीटरिंग संस्थानों (एमआईएस) को 03 वर्षों (2020-23) के लिए नियोजित किया है। मानीटरिंग संस्थानों (एमआईएस) द्वारा किए गए सर्वेक्षण में यह दर्शाया गया है कि सर्वेक्षण की अवधि के दौरान पात्र लाभार्थियों को पीएमजीकेएवाई के तहत जनवरी 2023 से नि:शुल्क राशन प्रदान किया जा रहा है।

*********

**अनुबंध**

**लोक सभा में दिनांक 06.12.2023 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 474 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

**पिछले तीन वर्षों के दौरान तीन वर्षों में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अंतर्गत खाद्यान्नों का आवंटन**

**(हजार टन में)**

| क्र.सं. | राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र का नाम | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 1871.844 | 1871.844 | 1871.844 | 1871.844 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 88.992333 | 88.996 | 88.996 | 88.996 |
| 3 | असम | 1694.3237 | 1694.726 | 1695.130 | 1695.130 |
| 4 | बिहार | 5524.3305 | 5527.100 | 5527.100 | 5527.100 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 1384.056 | 1384.056 | 1384.056 | 1384.056 |
| 6 | दिल्ली | 450.69013 | 448.682 | 448.693 | 448.711 |
| 7 | गोवा | 58.173179 | 59.045 | 59.045 | 59.045 |
| 8 | गुजरात | 2178.3957 | 2175.742 | 2185.375 | 2211.234 |
| 9 | हरियाणा | 795 | 795.000 | 795.000 | 795.000 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 508.02 | 508.020 | 508.020 | 508.020 |
| 11 | झारखंड | 1739.5136 | 1724.899 | 1743.731 | 1751.020 |
| 12 | कर्नाटक | 2608.8014 | 2608.820 | 2608.836 | 2608.836 |
| 13 | केरल | 1395.9733 | 1425.049 | 1425.049 | 1425.048 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 3443.2766 | 3165.838 | 3259.683 | 3436.082 |
| 15 | महाराष्ट्र | 4605.1919 | 4605.192 | 4605.189 | 4605.188 |
| 16 | मणिपुर | 162.59841 | 130.994 | 136.172 | 136.286 |
| 17 | मेघालय | 176.298 | 176.298 | 176.298 | 176.298 |
| 18 | मिज़ोरम | 65.75796 | 65.758 | 65.758 | 65.758 |
| 19 | नागालैंड | 138.05796 | 138.058 | 138.058 | 138.058 |
| 20 | ओडिशा | 2224.9201 | 2244.231 | 2249.705 | 2249.705 |
| 21 | पंजाब | 870.12 | 870.120 | 870.120 | 870.120 |
| 22 | राजस्थान | 2788.0725 | 2770.584 | 2770.584 | 2770.584 |
| 23 | सिक्किम | 44.3241 | 44.324 | 44.324 | 44.325 |
| 24 | तमिलनाडु | 3677.752 | 3677.752 | 3677.752 | 3677.752 |
| 25 | तेलंगाना | 1338 | 1338.000 | 1338.000 | 1338.000 |
| 26 | त्रिपुरा | 271.19249 | 271.231 | 271.224 | 271.231 |
| 27 | उत्तराखंड | 502.9992 | 502.999 | 502.991 | 502.990 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 9436.9659 | 9780.563 | 9878.534 | 9933.795 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 3970.6198 | 3970.620 | 3970.620 | 3970.620 |
| 30 | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 29.55792 | 29.558 | 29.558 | 29.558 |
| 31 | चंडीगढ़ (डीबीटी) | 0 | 0.000 | 0.000 | 0.000 |
| 32 | दादरा एवं नगर हवेली और दमन व दीव | 15.89168 | 15.421 | 15.162 | 15.128 |
| 33 | जम्मू व कश्मीर | 734.65404 | 734.654 | 734.654 | 734.654 |
| 34 | लद्दाख | 16.426976 | 16.427 | 16.427 | 16.427 |
| 35 | लक्षद्वीप | 4.62 | 4.620 | 4.620 | 4.620 |
| 36 | पुडुचेरी (डीबीटी) | 0 | 0.000 | 0.000 | 0.000 |
| | कुल | 54815.411 | 54865.222 | 55096.308 | 55361.218 |

*********